>

Title: Need to convert National Highway No.19 passing through Aurangabad district in Bihar into six lane and also repair the river bridges which are part of the National Highway-laid.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद): मैं सरकार का ध्यान औरंगाबाद (बिहार) से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या -19 की दयनीय स्थिति की ओर आकृष्ट करना चाहूँगा I दिल्ली से कोलकाता को जोड़ने वाली इस राष्ट्रीय राजमार्ग की स्थिति उत्तरप्रदेश के वाराणसी से बिहार और झारखंड की सीमा तक अत्यंत ही दयनीय है I बिहार के औरंगाबाद में मदनपुर के पास एक बड़े खंड में बड़े- बड़े जानलेवा गड्ढे है जिससे इस खंड पर प्रतिदिन घंटों जाम लगा रहता है तथा दुर्घटनाएँ आम बात है I सड़क पर वाहनों के भारी दबाव के कारण इस चार लेन सड़क को छ: लेन सड़क में परिवर्तित करने का कार्य जारी है किन्तु कार्य की प्रगति की स्थिति धीमी और दयनीय है I मैंने स्वयं भी दर्जनो बार संबन्धित पदाधिकारी को पत्र लिखकर बार -बार स्थिति से अवगत कराया है किन्तु कोई कार्रवाई नहीं की गई I इसके साथ ही इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिहार के डेहरी ऑन सोन में सोन नदी, उत्तर कोयल नहर एवं सोरहर तथा मोरहर नदियों पर बने पुलों की स्थिति भी जर्जर है I

मेरी मांग है कि इस राजमार्ग को 4 से 6 लेन राजमार्ग में परिवर्तित करने के साथ – साथ उक्त नदियों पर बने पुलों को अविलंब दुरुस्त किया जाए I